आज दिनांक 16-01-2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था – "मोटिवेशन एन्ड लर्निंग टेक्निक्स"। इस अवसर पर डॉ० राजेश धनकर (बाल मनोचिकित्सक, पी० जी० लन्दन) उपस्थित थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में समय समय पर कराये जाते हैं। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम डॉ० शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में कराया गया। डॉ० धनखड़ ने अपने वक्तव्य में अपनी याददाश्त को बढ़ाने के लिए छोटे छोटे फार्मूले बताये जिनके द्वारा आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और विद्यार्थी उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। इस कार्यशाला में बी० बी० ए० और बी० बी० ए० (कैम) के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रबंधन विभाग के वंदना, डॉली, तृप्ति, सोनिया के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।